## संक्षिप्त समाचार

### गांव में मचा हड़कंप चिलवल के पेड़ पर फंदे से लटकी मिली युवती

**ऊंचाहार। रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के बाहर एक चिलवल के पेड़ में दुपट्टा के सहारे फंदे से एक युवती की लाश लटकी मिली। हालांकि पुलिस की प्रथम दृष्टया में आत्महत्या बताया जा रहा है। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गाँव में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है ।पुलिस बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की बात कह रही है। गाँव निवासी रहमाली निषाद की पुत्री विनीता 22 वर्ष ने शनिवार की दोपहर घर के पास चिलवल के पेड़ में दुपट्टा बांधकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली ।उधर से गुजर रहे लोगों ने उसे फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया तो सूचना पुलिस को दी गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाई हेतु भेजा है ।पुलिस के मुताबिक युवती तीन वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी ।उसका इलाज चल रहा था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, इसके अवसाद में आकर उसने आत्महत्या की है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

### धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान 02 अवैध मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार



**हापुड़/अनुज चौधरी :** हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान 02 अवैध मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से करीब 08 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद।

### होली मिलन समारोह एवं मासिक पंचायत की अध्यक्षता बबल चौधरी एवं सेवाराम चौहान



**हापुड़/अनुज चौधरी :** पंचायत में गन्ना भुगतान आवारा पशु तहसील स्तर में भ्रष्टाचार जैसी अनेकों समस्याओं को किसानों ने रखा। पंचायत में सर्व सहमति से हाई कमान के आदेश निर्देश अनुसार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि कोई भी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव 2024 में हिस्सा नहीं लेगा। मौके पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती बबली सिंह मेरठ मंडल अध्यक्ष गुड्डू प्रधान जी मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान संसार सिंह चौहान सुनील चौहान ठाकुर भवेंद्र सिंह ललित चौधरी टीटू ठाकुर राजकुमार त्यागी मनोज प्रधान गुलजार भाई जीतू कुमार अमित चौहान हरवीर गिरी मनोज त्यागी विजयपाल सिंह जाटव सहित सैकड़ो से अधिक संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एवं किसान भाई मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा गुलाल



**बुलंदशहर/योगेंद्र शर्मा :** जहाँगीराबाद नगर स्थित नवीन अनाज मंडी व्यापार मंडल ने शनिवार को हेली मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर हेली की शुभकामनाएं दीं। नवीन अनाज मंडी अध्यक्ष नवीन बंसल के प्रतिष्ठान पर हेली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हेली मिलन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी, ईओ मणिजी सैनी व सफाई निरीक्षक राकेश कुमार भी शामिल हुए और उन्होंने भी व्यापारियों के साथ रंग बिरंगे गुलाल लगाकर हेली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सनी बंसल, प्रशांत शर्मा, नीरज कुमार, राजू सिंघल आदि सहित सैकड़ों व्यापारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 245 ग्राम स्मैक व 15 हजार रुपये नकदी सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**बुलंदशहर/योगेंद्र शर्मा :** जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 22/23-03-2024 की रात्रि में थाना छतारी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 01 अभियुक्त को नारायनपुर नहर पुल के पास से 245 ग्राम स्मैक (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 25-30 लाख रुपये) व 15,000/- रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर मुअसं- 100/24 धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# ...तो नहीं रहे जनसेवक नाजिम अली

## लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ली अंतिम सांस : राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जताया दुख

तेजयुग न्यूज़

**रायबरेली।** नेता जी के नाम से मशहूर वर्तमान सभासद पति नाजिम अली का ब्रेन हेमरेज होने के चलते शनिवार की दोपहर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया है। निधन की सूचना मिलते ही जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं शहर भर के सभासदों ने घर पहुंचकर दुखी परिवार को ढांढस बंधाया है। बताया जाता है कि सभासद पति नाजिम अली पूर्व विधायक सदर स्वर्गीय अखिलेश सिंह के बहुत करीबी थे उनके तमाम कार्यक्रमों की जिम्मेदारी नाजिम अली बहुत बाखूबी निभाते रहे हैं।

तीन पंचवर्षीय जिसमें दो बार इनकी पत्नी नूरजहां बानों व एक बार स्वयं अपने वार्ड नंबर 16 से जनसेवक रह चुके हैं। वर्तमान में वार्ड नंबर 16 की सभासद इतनी पत्नी नूरजहां बानों है। स्थानीय लोगों की माने तो नाजिम अली अपने वार्ड में सेवक के रूप में काम करते थे कोई भी जनता के बीच का आदमी बहुत आसानी से इनसे काम कर लेता था। सरल व व्यवहारिक स्वभाव होने के चलते उनके निजी आवास पर सैकड़ो की संख्या में वार्ड के लोगों तांता लगा रहा। नाजिम अली अपने पीछे पत्नी व दो बड़ी बेटियां और दो लड़के छोड़ गए हैं जिससे बडी बेटी की शादी तय है। दुख की घड़ी में मौजूद सभासद परमजीत सिंह गांधी रामखेलावन बारी लालमणि सहित शहर के समस्त वार्डो के सभासद मौजूद रहे।



### शोकाकुल परिवार से मिले राज्य मंत्री

**रायबरेली।** सभासद पति नाजिम अली की निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शोकाकुल परिवार से मुलाकात की साथ ही ढांढस बंधाते हुए कहा कि वह दुख की इस घड़ी में दुखद परिवार के साथ है उन्होंने कहा कि नाजिम अली एक जन सेवक के रूप में काम किया है उनके ना रहने पर क्षेत्र में बड़ी छति हूई जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी पूर्व नगर पालिका मोहम्मद इलियास अब्दुल वाहिद गुड्डू घोसी समाजसेवी विजय रस्तोगी अमिताभ पांडे सहित तमाम भाजपाई व अन्य संगठन सहित मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।

# भाषा और गणित में दक्ष बनाने के लिए चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का समापन



तेजयुग न्यूज़/आलोक गुप्ता

**उतरौला (बलरामपुर) :** बच्चों को भाषा एवं गणित में विशेष रूप से दक्ष बनाने के उद्देश्य से ब्लाक संसाधन केंद्र उतरौला पर आयोजित अंतिम चरण के सौ शिक्षकों का चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। कक्ष संख्या एक में प्रशिक्षक के रूप में ए आर पी विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार एवं कक्ष संख्या 2 में प्रशिक्षक के रूप में ए आर पी विजय कुमार यादव, अनवार अहमद द्वारा एफ एल एन मिशन 2022 के तहत कक्षा कक्ष प्रक्रिया के दौरान प्राप्त अनुभव, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, फाऊंडेशनल स्टेज 2022, एकेडमिक वर्ष 2023-24 की वार्षिक रणनीति को समझना, शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ, भाषा के चारों कलश एवं रणनीतियां, शिक्षण योजनाएं, आकलन एवं रेमेडियल, गणित शिक्षण का उपयुक्त दृष्टिकोण, वार्षिक योजना के लिए संसाधनों को जानना व समझना, स्वयं निर्मित और परिवेशिए सामग्री का उपयोग, अनुदेशात्मक कार्य की रणनीति, समेकन व आकलन, रिमेडियल व साप्ताहिक पुनरावृत्ति की रणनीति, साप्ताहिक शिक्षण योजना का समीकरण बहु कक्षीय शिक्षण योजना पर शिक्षकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने कहा कि निपुण भारत अभियान के तहत प्राथमिक शिक्षा को और बेहतर बनाने, बच्चों में सीखने की क्षमता में वृद्धि आदि के लिए यह प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया गया है। अब तक सम्पन्न हो चुके आठ बैच में विभिन्न न्याय पंचायतों के कुल 346 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अंतिम चरण में विभिन्न विद्यालयों के 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समग्र शिक्षा के तहत बच्चों में बुनियादी भाषा व गणित में कौशल विकास के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित कर कार्य कराना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को मजबूत करने, ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उनकी बुनियादी शिक्षा मजबूत करने के लिए शिक्षक कार्य करें। साथ ही साथ यह भी कहा कि बच्चों के साथ भावनात्मक लगाव रखने पर ही निपुण भारत लक्ष्य प्राप्त होगा।

शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। राष्ट्र निर्माण का दायित्व हम सभी शिक्षकों पर है। प्रशिक्षण व्यवस्था में कार्यालय सहायक अमित श्रीवास्तव, संतोष, अमरनाथ, अतुल कुमार, निशा देवी का सराहनीय योगदान रहा। मोहम्मद अयूब, बृजेंद्र कुमार, माजिद खातून, रश्मि जायसवाल, लक्ष्मी देवी, मुस्तफा रज़ा, खेसाल सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ, शिवप्रसाद, मोहम्मद आलमीन, बालक राम, अवधेश बघेल, रामधीरज सुमित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# पेयजल की सुविधा से वंचित है गरीबों के लिए बनाए गए आवास के वाशिंदे

तेजयुग न्यूज़/आलोक गुप्ता

**उतरौला (बलरामपुर) :** लगभग पन्द्रह वर्ष पहले डूडा द्वारा गरीबों के लिए बनाए गए तीन मंजिला आवास में अभी तक पेयजल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं दूसरी तरफ दर्जनों आवास अधूरे पड़े हैं। आवास में अवैध कब्जेदारों का भी बोलबाला है।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर में लगभग 15 वर्ष पहले गरीबों को रहने के लिए दर्जनों आवास के तीन मंजिला भवन का निर्माण डूंडा द्वारा कराया गया था, लेकिन निर्माणदाई संस्था आवास निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर फरार हो गई। वहीं आवास में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी इकठ्ठा करने के लिए लाई गई पानी टंकी आज भी आवास भवन में सीढ़ी के नीचे रक्खी हुई है। पानी आपूर्ति के लिए तीन मंजिला भवन पर पाइप लाइन तक नहीं लगाई गई है। मजबूरन तीन मंजिला पर रहने वाले गरीब लोगों को नीचे लगे हैण्ड पम्प से पानी ले जाना पड़ रहा है। आवास भवन व आस-पास सफाई के लिए सफाई कर्मचारी की तैनात नहीं है।

यहां बिजली कनेक्शन स्थाई न होने से कटिया कनेक्शन की भरमार है। दर्जनों आवास के सामने बने पार्क की चार दिवारी देखरेख के अभाव में ढह गई है। पार्क में लोग कूड़ा फेंकने का काम कर रहे हैं। आवास भवन की देखरेख सही ढंग से न होने के कारण दीवारों के प्लास्टर जगह-जगह टूट गए हैं। इस सम्बन्ध में नपाप के वरिष्ठ लिपिक ने बताया कि आवासीय भवन का निर्माण डूंडा की ओर से कराया गया है। भवन का हस्तांतरण नगर पालिका परिषद उतरौला को अभी तक नहीं किया गया है। भवन का हस्तांतरण न होने से उसके साफ-सफाई का इंतजाम न पा प नहीं करा पा रहा है।



### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने खाया जहर

**ऊंचाहार। रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। पाठक नगर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी गुरुदीन की पुत्री पूजा 21 वर्ष ने शनिवार की दोपहर घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर वपरिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि युवती ने जहरीला पदार्थ खाया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

# मामूली बात पर मारपीट चार घायल

तेजयुग न्यूज़

**नसीराबाद/रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली सी बात को लेकर दबंगों ने किया हमला हमले में चार लोगों गम्भीर रूप से हुएं घायल निवासी गांव गोपालपुर बुधई पुत्र सुखदीन पासी ने थाने में शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि दरवाजे पर मोटर साइकिल खड़ी करने को लेकर मारपीट में महिलाओं समेत पांच लोग जख्मी पूरा मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरे रायपुर टोडी में बुधई पासी ने तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम लगभग 7.30बजे मेरे दरवाजे पर मोटर साइकिल खड़ी कर दी गई थी इसी बात को लेकर मेरे ही पड़ोस के संतराम पासी पुत्र छोटेलाल राकेश पासी पुत्र संतराम मुकेश पासी पुत्र संतराम सूरज पासी पुत्र संतराम ने बेटे हरी राम पतोह रानू नातिन शलोचना नाती आशीष के साथ लाठी डंडों से मारा पिटा गया व जान से मार देने की धमकी भी दी।

# पैर फिसलने से गंगा में डूबे तीन मासूम

## मछली का दाना बेचने के लिए खड़े थे किनारे पर, दो मिले-एक की तलाश

तेजयुग न्यूज़

**हापुड़ ।** गंगा नगरी ब्रजघाट स्थित श्मशान घाट किनारे पैर फिसलने से तीन बच्चे गंगा में डूब गए। गोताखोरों ने दो बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि एक बच्चे के लापता होने के बाद मोटर बोट के माध्यम से जांच की जा रही है। शुक्रवार की दोपहर को गंगा किनारे मछली का दाना बेचने वाले तीन बच्चे खड़े हुए थे। इसी दौरान तीनों बच्चों का अचानक पैर फिसल गया और तीनों ही गंगा की गहरी जलधारा में डूब गए। इस दौरान बच्चों के शोर मचाए जाने पर मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने वहां डूब रहे 11 वर्षीय सौरभ और आठ वर्षीय यश को सकुशल बरामद कर लिया।



हालांकि तीसरे बच्चे के गहरे पानी में जाने के बाद कोई सुराग नहीं लग सका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बतासा कि संबंधित बच्चे गंगा किनारे ही रखकर मछली के दाने की बिक्री करते है। शुक्रवार को भी बच्चे दाना बेचने के लिए आया था। लापता बच्चे की जांच की जा रही है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ब्रजघाट चौकी प्रभारी ने बताया लगातार गोताखोरों की मदद से प्रयास किया जा रहा है

# सरकारी रास्ते पर बीच में ही बना दिया धार्मिक स्थल, अधिकारी मौन

## बोर्ड बैठक में अस्पताल को दी गई जमीन पर भी करवा दी धर्मिक स्थल की स्थापना



तेजयुग न्यूज़/योगेंद्र शर्मा

**बुलंदशहर/ जहाँगीराबाद।** नगर में सरकारी भूमियों पर मन्दिर बनाने का चलन हो चला है। कानून की धज्जियां उड़ाकर ऐसे मंदिरों की स्थापना करवा रहे लोगों पर कार्यवाही तो दूर उनकी तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आंखें मूंद रखी हैं। बीच रास्तों में हो रहे ऐसे अवैध निर्माण कार्यों से आमजन का रास्ता रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस बारे में एक पूर्व सभासद सहित कुछ अन्य लोगों ने भी शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। वहीं तहसील व नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा मौका मुआयना करने के बाद भी स्थिति ढाक के तीन पात है।

जानकारी के मुताबिक नगर के बिन्नेर देवी रोड पर गाटा संख्या 1659 में सरकारी अभिलेखों में रास्ता दर्ज है। आरोप है कि इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा चुनावी रंजिश में अवैध रूप से एक धार्मिक स्थान का निर्माण कर रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया है। विरोध करने पर दबंग झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी तक दे रहे हैं। मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से करने के बाद कुछ अधिकारियों की नींद तो टूटी लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। वहीं रास्ता बंद होने से लोगों को दिक्कत का सामना भी करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि रास्ते में धार्मिक स्थल का निर्माण एक वर्तमान सभासद की शह पर हुआ है। वहीं पिछली पंचवर्षीय योजना में नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में अस्पतालों के लिए जो भूमि देने का प्रस्ताव पास किया गया था उस पर भी कुछ लोगों ने धार्मिक स्थलों का निर्माण करवा दिया है। लगातार नियमों को ताक पर सरकारी भूमियों पर बनाये जा रहे धार्मिक स्थलों पर प्रशासन की चुप्पी न जाने कब टूटेगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

> मामला संज्ञान में है, लेखपाल को मौके पर भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यावाही की जाएगी। सरकारी भूमियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।
> **-नवीन कुमार, एसडीएम अनूपशहर।**

> नगर पालिका के स्वामित्व वाली भूमियों पर अतिक्रमण की शिकायत मिली है। उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करा दिया गया है। उनके आदेशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
> **-मणिजी सैनी, ईओ, न. पा. प. जहाँगीराबाद।**

# आईजी रेंज मेरठ महोदय द्वारा त्यौहार एवं लोक सभा के चुनाव के अंतगत की समीक्षा बैठक

तेजयुग न्यूज़/योगेंद्र शर्मा

**बुलंदशहर/ जहाँगीराबाद।** आज दिनांक 23.03.2024 को पुलिस महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ श्री नचिकेता झा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर श्री श्लोक कुमार सहित अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रोहित मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध डा. राकेश कुमार मिश्र एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आगामी त्यौहार एवं लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल व शांतिपूर्व सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में गोष्ठी/समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। गोष्ठी/समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को अवैध शस्त्रों/कारतूसों, मादक पदार्थ शराब आदि की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चैकिंग कराने तथा होलिका दहन स्थलों व मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने व सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।




# बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुत को किया गिरतार, अवैध कच्ची शराब बरामद

तेजयुग न्यूज़/अनुज चौधरी

**हापुड़ ।** हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं कच्ची/अपमिश्रित शराब बनाने व बेचने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध कच्ची शराब बरामद। थाना बहादुरगढ़ प्रभारी सुरेश कुमार सिंह का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। अवैध शराब व अन्य किसी भी प्रकार के नशे व अन्य अपराधों को जल्द से जल्द अपने कब्जे में लेकर उनको कानून का पाठ पढ़ाया जाएगा।

